This question paper contains 7 printed pages.]

आपका अनुक्रमांक ....................

# 499

## B.A. (Programme) / II/III B

## HINDI LANGUAGE (B) – Paper II

## हिन्दी भाषा (ख) – प्रश्न-पत्र II

**(प्रवेश-वर्ष 2004/2006 और तत्पश्चात् नियमित कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए / NCWEB के विद्यार्थियों के लिए)**

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 75**

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

**टिप्पणी :** प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक नियमित कॉलेजों (श्रेणी 'A') के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं । तथापि ये अंक, NCWEB के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में अधिक होंगे ।

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं । किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **8 + 8 = 16**

(क) नेता अंग्रेज़ी में भाषण दे, जनता समझे नहीं । ऐसे नेता न तो देश में कोई बड़ा परिवर्तन कर सकते थे, न उनकी

राजनीति जनता की राजनीति बन सकती थी । राज्यसत्ता, उसे चलानेवाला नौकरशाही वर्ग किसके लिए है ? स्वराज्य किसके लिए है ? सन्, 31 में गाँधीजी ने लिखा था, "यदि स्वराज्य अंग्रेजी-पढ़े भारतवासियों का है और केवल उनके लिए है, तो सम्पर्क भाषा अवश्य अंग्रेज़ी होगी । यदि वह करोड़ों भूखे लोगों, करोड़ों निरक्षर लोगों, निरक्षर स्त्रियों, सताए हुए अछूतों के लिए है तो सम्पर्क भाषा केवल हिन्दी हो सकती है ।"

(i) नेताओं को अंग्रेज़ी में भाषण क्यों नहीं देना चाहिए ?

(ii) राज्यसत्ता और नौकरशाही किस प्रकार जनता के हित में काम कर सकते हैं ?

(iii) हिन्दी को सम्पर्क भाषा मानने के लिए गाँधीजी ने क्या तर्क दिया ?

(iv) स्वराज्य और सम्पर्क भाषा के सम्बंध को गाँधीजी ने किस रूप में देखा है ?

(ख) कम हो रहा है मिलना-जुलना
कम हो रही है लोगों की जान-पहचान
सुख-दुःख में भी पहले की तरह इकट्ठे नहीं होते लोग
तार से आ जाती है बधाई और शोक संदेश
बाबा को जानता था सारा शहर
पिता को भी चार मोहल्ले के लोग जानते थे

मुझे नहीं जानता मेरा पड़ोसी मेरे नाम से

अब सिर्फ एलबम में रहते हैं

परिवार के सारे लोग एक साथ

टूटने की इस प्रक्रिया में क्या-क्या टूटा है

कोई नहीं सोचता ।

(i) प्रस्तुत काव्य-पंक्तियों के कवि तथा कविता का नाम लिखिए ।

(ii) कवि के अनुसार लोगों का परस्पर मिलना-जुलना और जान-पहचान कम क्यों होती जा रही है ?

(iii) 'टूटने की इस प्रक्रिया' पदबंध के माध्यम से कवि ने किसके टूटने की ओर संकेत किया है ?

(iv) "अब सिर्फ एलबम में रहते हैं । परिवार के सारे लोग एक साथ" – इस पंक्ति में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए ।

(ग) आज स्त्री का सहयोगी पुरुष न आदिम युग का ऐसा अहेरी है, जिसके लाए हुए पशु-पक्षियों को खाद्य रूप में परिवर्तित कर देने में ही उसके कर्त्तव्य की इति हो जावे, न वह वेद काल का ऐसा गृहस्थ है, जिसके साथ यज्ञ में भाग लेना ही उसे सहधर्मचारिणी के पद तक पहुँचा सके, और न वह वीर युग का ऐसा युद्ध परायण आहत है

जिसकी शिथिल और ठण्डी उँगलियों से छूटती हुई तलवार सम्भाल लेने में ही उसके जीवन की सार्थकता हो, प्रत्युत वह इस उलझन भरे यंत्रयुग का एक सबसे अधिक उलझनमय यंत्र बन गया है जिसके जीवन में किसी प्रकार का सहयोग भी तब तक सम्भव नहीं जब तक उसे ठीक-ठीक न समझ लिया जावे । समझ लेने पर भी सहयोग तभी सुगम हो सकेगा जब स्त्री में भी जीवन के अनेक रूपों और परिस्थितियों के साथ चलने और उनके अनुरूप परिवर्तनों को हृदयंगम करने की शक्ति उत्पन्न हो जावे ।

(i) वेदकाल में नारी की क्या भूमिका थी ?

(ii) आज के युग को उलझन भरा यंत्रयुग क्यों कहा गया है ?

(iii) वर्तमान युग में पुरुष की सहयोगिनी बनने के लिए स्त्री से क्या अपेक्षा की गई है ?

(iv) 'अहेरी' और 'सहधर्मचारिणी' शब्दों का अर्थ बताइए ।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए : **$3 \times 3 = 9$**

(i) नवधनाढ्यों को लेखक असली पूँजीपति वर्ग की जगह 'खोटा पूँजीपति वर्ग' कहना बेहतर क्यों समझता है ?

(नवधनाढ्य वर्ग या नए परजीवी)

(ii) जगदीश बाबू मदन के निकट आकर भी बाद में उसे क्यों दुत्कारते हैं ?

(दाज्यू)

(iii) 'आनंद' और 'मनोरंजन' के भेद को स्पष्ट कीजिए ।

(वह जो यथार्थ था)

(iv) 'नारी शिक्षा' के विषय में महादेवी वर्मा के दृष्टिकोण की विवेचना कीजिए ।

(घर-बाहर)

(v) राहुल सांकृत्यायन की 'तीसरी तिब्बत यात्रा' को लेखक ने सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण और सन्तोषजनक क्यों बताया है ?

(स्वयंभू महापण्डित)

3. संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : $4 \times 3 = 12$

(i) अवधी का सामान्य परिचय दीजिए ।

(ii) देवनागरी लिपि की विशेषताएँ लिखिए ।

(iii) राष्ट्रभाषा के रूप में हिन्दी

4. किसी **एक** का पल्लवन कीजिए : 6

(i) निन्दक नियरे राखिये

(ii) आ बैल मुझे मार

(iii) घर का भेदी लंका ढाए

5. निम्नलिखित अनुच्छेद का शीर्षक लिखते हुए संक्षेपण कीजिए : **6**

यह एक सामान्य मान्यता है कि तीसरी दुनिया के देशों में मौसम का पूर्वानुमान न होने के कारण अचानक सूखा, बाढ़ या अन्य प्राकृतिक आपदा से लोगों को भूखा मरना पड़ता है । लेकिन वास्तविकता यह है कि तीसरी दुनिया में खाद्यान्न-उत्पादन के लिए मौसम बहुत अच्छा है । मौसम की अव्यवस्था और असन्तुलन से लड़ने के लिए तीसरी दुनिया के किसानों ने सदियों के अनुभव से नई तकनीकें विकसित की हैं । लेकिन फिर भी, प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है । इनसे सक्षम और साधन-सम्पन्न लोग उतना प्रभावित नहीं होते, जितना कि साधनहीन गरीब आदमी । इसमें कोई सन्देह नहीं कि गरीबी की समस्या जनसंख्या से जुड़ी है लेकिन यह भी सच है कि आज दुनिया में खाद्यान्न-उत्पादन प्रत्येक का पेट भरने की क्षमता से अधिक है ।

6. निम्नलिखित मुहावरों / लोकोक्तियों का अर्थ लिखते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए : **$2 \times 3 = 6$**

(i) नाच न जाने आँगन टेढ़ा

(ii) काला अक्षर भैंस बराबर

(iii) चादर देखकर पाँव फैलाना

7. (क) शब्द-शक्ति का अभिप्राय स्पष्ट करते हुए 'अभिधा' शब्द-शक्ति का परिचय दीजिए । 4

(ख) "गड़े मुर्दे क्यों उखाड़ रहे हो" – पंक्ति का लक्ष्यार्थ स्पष्ट कीजिए । 4

(ग) 'नए चलन ने बहुत सहूलियत बख्शी है चोरों को' – इस काव्य-पंक्ति में निहित व्यंग्यार्थ स्पष्ट कीजिए । 4

8. (क) कोश की परिभाषा देते हुए समान्तर कोश का सामान्य परिचय दीजिएं । 4

(ख) हिन्दी शब्दकोश में प्रविष्टि के लिए निम्नलिखित शब्दों को वर्ण क्रमानुसार लिखिए : 4

भारतीय, इतिहास, विलक्षण, धर्मकीर्ति, प्रमाणित, अस्पताल, साहसपूर्ण, शामिल ।